an>

Title: Need to convert meter gauge railway line from Pratapnagar (Baroda) to Jambusar in Gujarat and also construct a new railway line from Bharuch to Jambusar in the State.

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच)** ः मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच से जम्बूसर तक नई रेलवे लाईन बनाने की मांग कई दशकों से की जा रही है। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर अनुरोध कर चुका हूँ। मैं सरकार का ध्यान वर्तमान समय में प्रताप नगर (बड़ौदा) से जम्बूसर तक मीटर रेलवे लाईन पर ध्यान दिलाना चाहता हूँ। इस मीटर रेलवे लाईन पर प्रतापनगर (बड़ौदा) एवं जम्बूसर तक एक रेल सेवा सुबह-शाम चलती है परन्तु मीटर लाईन के कारण यह रेल सेवा बहुत ही धीमी गति से चलती है। इस संबंध में सरकार से अनुरोध है कि प्रतापनगर (बड़ौदा) से जम्बूसर तक नई रेलवे लाईन का निर्माण किया जाये। निर्माण करने के बाद प्रतापनगर (बड़ौदा) से जम्बूसर रेलवे सेवा को जम्बूसर से भरूच तक बढ़ाया जाये। इस कार्य से भरूच में कार्य करने वाले मजदूरों को जम्बूसर से भरूच तक आने-जाने में काफी सुविधा होगी। भरूच से जम्बूसर के शिव मन्दिर में दर्शनों के लिए काफी संख्या में लोग आते हैं। इस रेलवे लाईन के निर्माण से जम्बूसर एवं भरूच के बीच पिछड़े क्षेत्रों के आर्थिक विकास में सहायता मिलेगी।

सरकार से अनुरोध है कि वर्तमान प्रतापनगर (बड़ौदा) के बीच मीटर रेलवे लाईन को ब्राडगेज में बदलने एवं ब्राडगेज रेलवे के निर्माण के बाद ब्राडगेज रेलवे लाईन को जम्बूसर से भरूच के बीच नई रेलवे लाईन से जोड़कर प्रतापनगर से सीधे भरूच रेल सेवा चलाई जाये।